श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 160, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 15 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान कल से होगा शुरू

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 जनवरी को कोविड वैक्सीन की खुराक लेने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बातचीत कर सकते हैं जब कोरोना वायरस के खिलाफ राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। देश भर में 60 अस्पतालों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के लिए तैयार करने का निर्देश दिया गया है**




**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कोरोना की रोकथाम के लिए शनिवार 16 जनवरी से देश में शुरू होने जा रहे टीकाकरण अभियान का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक साथ शुरू होने वाले इस अभियान के लिए दोनों वैक्सीन देशभर में पहुंचाने का काम गुरुवार को भी तत्परता से जारी रहा। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पूरे देश में एक साथ शुरू होने वाला यह अभियान विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान है। जन भागीदारी सिद्धांत पर आधारित इस अभियान के लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

पीएमओ के अनुसार शनिवार को सुबह 10.30 बजे प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अभियान की शुरूआत करेंगे। पहले दिन देश भर में कुल 3006 केंद्रों पर एक साथ टीकाकरण शुरू होगा। एक केंद्र में एक सत्र में लगभग 100 लोगों को ही टीका लगाया जाएगा। हालांकि कुछ सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री पहले दिन टीका लगवाने वाले चुनिंदा स्वास्थ्य कमियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से संवाद भी कर सकते हैं।

दिल्ली के एम्स और सफदरजंग अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि उनके टीकाकरण केंद्र में दोनों ओर संवाद करने की व्यवस्था की गई है। पीएमओ के बयान में कहा गया कि पहले चरण में सरकारी और निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मियों को वरीयता के आधार पर टीका लगाया जाएगा। इनमें समन्वित बाल विकास योजनाओं के कर्मचारी भी शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है इस माह की शुरूआत में भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआइ) ने सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया की वैक्सीन कोविशील्ड को मंजूरी दी थी। साथ ही भारत बायोटेक की स्वदेशी वैक्सीन कोवैक्सीन के सीमित आपात इस्तेमाल पर भी सहमति दी थी। इसके बाद ही देश में बृहद टीकाकरण अभियान का रास्ता खुला। टीकाकरण अभियान को सुचारु रूप से चलाने और सारी व्यवस्थाओं पर आनलाइन नजर रखने के लिए सरकार ने को-विन नाम का प्लेटफार्म विकसित किया है। इसके जरिए देश भर में वैक्सीन की उपलब्धता, भंडारण तापमान और लाभान्वितों की जानकारी रियल टाइम पर ली जा सकेगी।


पीएमओ के अनुसार टीकाकरण के काम में लगी मशीनरी के लिए को-विन बहुत मददगार होगा। इसके अलावा 24 घंटे काम करने वाली 1075 नंबर की लाइन स्थापित की जा रही है। इस नंबर पर फोन करके कोरोना, वैक्सीन और को-विन साफ्टवेयर से संबंधित सवालों के जवाब हासिल किए जा सकते हैं। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना के टीकाकरण अभियान शुरू होने के कारण पोलियो ड्राप पिलाने के अभियान की तिथि में बदलाव किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रपति कार्यालय से सहमति लेकर 'पोलियो रविवार' की तिथि 31 जनवरी निर्धारित की है। पहले यह कार्यक्रम 17 जनवरी को तय था।


सरकारी सूत्रों के अनुसार कोरोना वैक्सीन की 1.65 करोड़ खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या के आधार पर आवंटित कर दी गई हैं। आवंटन में किसी राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। यह अभी शुरूआती आवंटन है। वैक्सीन की आपूर्ति लगातार होती रहेगी। ऐसे में वैक्सीन की किल्लत होने की चचाएं आधारहीन हैं। राज्यों को सलाह दी गई है कि वे प्रतिदिन एक सत्र में 100 से ज्यादा लोगों को टीका लगाने के लिए न बुलाएं।

राज्यों से यह भी कहा गया है कि अभियान शुरू होने के बाद वे धीरे-धीरे नए केंद्रों की संख्या बढ़ाते रहें। सरकारी सूत्रों के अनुसार पहले चरण में एक करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों और दो करोड़ फ्रंटलाइन कर्मियों को वैक्सीन दी जाएगी। उनके बाद 50 साल से अधिक उम्र के लोगों को टीका लगाया जाएगा। फिर 50 साल से कम उम्र और बीमारियों से ग्रस्त लोगों का नंबर आएगा। स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंट लाइन कर्मियों को टीका लगाने का खर्च केंद्र सरकार उठाएगी।

## राष्ट्रपति देंगे राम मंदिर के लिए पहला चंदा

### आज से शुरू होगा निधि संग्रह अभियान






**नई दिल्ली, जेएनएन।** अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर के लिए 'निधि समर्पण अभियान' की शुरूआत राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की शुभकामना व उनके द्वारा दिए गए समर्पण निधि के साथ पूरे देश में शुक्रवार से होगी। इसके लिए आज सुबह 11 बजे राष्ट्रपति से मिलने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जाएगा। इस मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल सुबह 11.45 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेगा।

बता दें कि राम मंदिर निर्माण के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद चंदा देने वाले पहले सहयोगी हैं और इस पर देश की निगाहें होंगी की राष्ट्रपति की ओर से दान की गई राशि कितनी होगी। विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि अभियान के लिए शुभकामना लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी समय मांगा गया है। भारतीय जनता पार्टी के घोषणापत्र में राम मंदिर का निर्माण शामिल रहा है। साथ ही राजनीति के केंद्र में भी यह मुद्दा पिछले तीन दशकों से है। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में इस दशकों पुराने विवाद का समाधान करते हुए अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। इस मंदिर निर्माण के लिए पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूमि पूजन किया जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद थे।

# केंद्र सरकार और किसानों के बीच आज होगी नौवें दौर की बातचीत

**सुप्रीम कोर्ट द्वारा विशेषज्ञ समिति को लेकर जारी विवाद के बीच आज सरकार और किसानों के बीच नौवें दौर की बातचीत होगी। इससे पहले 8 जनवरी को दोनों पक्षों के बीच इस मसले को लेकर वार्ता हुई जो बेनतीजा रही थी।**



**नई दिल्ली, एएनआइ।** देश में कृषि सुधार के लिए पारित तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलनकारी किसानों के साथ आज सरकार फिर बातचीत करेगी। केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच आज नौवें दौर की बातचीत होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा विशेषज्ञ समिति को लेकर जारी विवाद के बीच आज ये बैठक हो रही है। यह बैठक दोपहर 12 बजे शुरू होगी।

इससे पहले सरकार और किसान संगठनों के बीच आठ दौर की बातचीत हो चुकी है। आठ जनवरी को आठवें दौर की वार्ता में भी कोई हल नहीं निकल सका था। यह बैठक भी हमेशा की तरह विज्ञान भवन में होगी। ऐसे में हर किसी की इसी पर नजर है।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों के बीच जारी गतिरोध को खत्म करने की दिशा में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि सरकार खुले मन से इस बैठक में शामिल होगी और किसानों की शंकाओं को दूर करेगी। 11 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने किसान आंदोलन पर गतिरोध को खत्म करने की दिशा में एक कदम उठाया था। इसके तहत चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन कर दिया गया है, जो किसान संगठनों के साथ सरकार से भी बातचीत कर अपनी रिपोर्ट अदालत को सौंपेगी। इसके बाद सरकार और किसानों के बीच नौवें दौर की वार्ता को लेकर असमंजस बढ़ गया था, लेकिन स्थिति को स्पष्ट करते हुए तोमर ने कहा कि शुक्रवार को दोपहर 12 बजे बैठक होगी।

## गलत नक्शे में जम्मू-कश्मीर को अलग दिखाने पर भारत ने डब्ल्यूएचओ से जताई आपत्ति

**नई दिल्ली, आइएएनएस।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नक्शे में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत से अलग दिखाए जाने पर सरकार ने आपत्ति जताई है। संगठन के समक्ष मुद्दा उठाते हुए भारत ने इसे गलत चित्रण बताया है।रिपोर्ट के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत इंद्रमणि पांडे ने डब्ल्यूएचओ के डायरेक्टर जनरल टेड्रोस एधनोम घेब्रेसस के समक्ष इस आपत्ति जताई।

गहरा असंतोष जताते हुए उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ के प्रमुख को तत्काल हस्तक्षेप करते हुए नक्शे वापस लेने चाहिए। इसमें भारतीय सीमा का गलत चित्रण है। इसके स्थान पर सही नक्शा लाया जाना चाहिए। भारत ने महीनेभर में तीसरी बार इस संबंध में आपत्ति जताई है। डब्ल्यूएचओ ने हाल ही में महामारी से पीड़ित लोगों के आंकड़े दशार्ने के लिए विभिन्न देशों के रंगीन नक्शे जारी किए हैं। इसमें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत से अलग रंग में दिखाया गया है।

## यूपी, हरियाणा, बिहार, समेत उत्तर भारत में घने कोहरे ने बढ़ाई मुश्किलें

### 14 ट्रेन चल रहीं देरी से, शीतलहर से कोई राहत नहीं

**उत्तर भारत में घने कोहरे के चलते कई ट्रेनें देरी से चली। आज हरियाणा बिहार हरियाणा समेत दिल्ली में घना कोहरा दर्ज किया गया है। वहीं शीतलहर ने भी लोगों के मुश्किलें बढ़ाई हुई हैं।**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है। अभी कुछ और दिनों तक इस शीतलहर से लोगों को राहत नहीं मिलेगी। वहीं यूपी, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में घना कोहरा दर्ज किया गया है। पहले ही शीतलहर की मार झेल रहे लोगों के लिए कोहरा आफत बन रहा है। लोगों को घने कोहरे के चलते रोज के कार्य करने में भी पेरशानी आई। आलम यह है कि इस कोहरे की वजह से नॉर्थ रेलवे क्षेत्र में 14 ट्रेनों लेट से चली। वहीं हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर जैसे पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी जारी है। यहां हो रही बर्फबारी के चलते ही मैदानी इलाकों में सर्द हवाएं चल रही हैं। हरियाणा में भी शीतलहर से ठंड बढ़ चुकी है। यहां पर स्थित जालंधर में आने वाले 48 घंटे तक लोगों को ठंड का औ कहर झेलना पड़ सकता है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी तथा शीत लहर का असर सीधे रूप से मैदानी इलाकों पर पड़ने वाला है। वहीं अगले दिन यानी शनिवार को आसमान में बादल छाए रहने की भी संभावना जताई जा रही है। वहीं बीते दिन लुधियाना में बीते दिन न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो बुधवार के तापमान 3.8 से .6 डिग्री अधिक रहा। हालांकि अधिकतम तापमान में बुधवार की अपेक्षा 1.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज गई।

बात अगर उत्तर बिहार की करें तो यहां पर लगातार अगले तीन दिनों तक कड़ाके की ठंड रहेगी। आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय भी विलंब से होगा। कोहर और शीतलहर से लोगों को आने वाले दिनों लोगों को राहत नहीं मलेगी। वहीं यूपी में शीतहर का सितम जारी है। इन दिनों कोहरे की मार झेल रहे वेस्ट यूपी को अभी राहत की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। आज सुबह घने कोहरे दर्ज किया गया है।

# दिल्ली में 2 डिग्री पहुंचा तापमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड जारी है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, अगले दो दिनों तक ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं बल्कि ठंड का कहर और बढ़ भले सकता है। आईएमडी ने बताया कि शुष्क मौसम और उत्तर, उत्तरपश्चिम हवाओं की वजह से देश के उत्तर-पश्चिम हिस्सों के ज्यादातर इलाकों में अगले तीन-चार दिन तक न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। बर्फबारी के बाद श्रीनगर में पारा माइनस 7.8 डिग्री पहुंच गया, जिसके कारण डल झील जम गई। राजस्थान में बीती रात मौसम की सबसे ठंडी रात रही। पंजाब में लोहड़ी पर हर साल के मुकाबले ज्यादा ठंड पड़ रही है। दिल्ली के पालम इलाके में गुरुवार सुबह 6.2 डिग्री और सफदरजंग इलाके 2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। 1 जनवरी के बाद यह पहली बार है, जब दिल्ली में तापमान इतना नीचे गया। तब दिल्ली में न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2-3 दिन तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा।


मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी से लेकर तराई के जिलों में भीषण शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, अलीगढ़, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बहराइच, श्रावस्ती हरदोई, गोण्डा, बस्ती, संतकबीरनगर और गोरखपुर में बेहद ठंडे दिन की चेतावनी जारी की गयी है। आज 14 जनवरी को पश्चिमी यूपी और तराई के इन जिलों में दिन में ठण्ड का प्रकोप बहुत ज्यादा देखने को मिल सकता है। अगले 24 घण्टे में इन शहरों में शीतलहर के कारण दिन का तापमान और गिर सकता है। इसके अलावा मौसम विभाग ने ऊपर लिखे शहरों के साथ साथ बाराबंकी और कानपुर में घने कोहरे का भी अलर्ट जारी किया है। कोहरे का असर प्रदेश के लगभग सभी इलाकों में देखने को मिलेगा।

पहाड़ों पर बर्फबारी जारी है। जम्मू-कश्मीर में चिल्लई-कलां (तेज ठंड) का असर है। कश्मीर घाटी में तापमान माइनस 7.8आने से डल झील जम गई है, इससे झील पर शिकारों का चलना कम हो गया है। सिर्फ काम के शिकारे ही चल पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें बर्फ तोड़नी पड़ रही है।

प्रदेश में माउंट आबू के बाद श्रीगंगानगर में 13 जनवरी प्रदेश में सीजन की सबसे ज्यादा ठंडी रात रही। इससे पहले एक जनवरी को 2.4 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा था। रात में पारा जमाव बिंदु के आसपास होने के कारण पाला पड़ने की आशंका है। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो के आसपास रही। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को अधिकतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

दिन के पारे में 4 डिग्री तक गिरावट के साथ इस बार लोहड़ी पर राज्य में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा ठंडक रही। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन कड़ाके की सर्दी पड़ने का अनुमान जताया है। दिन का पारा औसतन 4-5 डिग्री कम चल रहा है। दिन में उत्तरी व उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलेंगी। इस कारण शीतलहर चुनौती देगी। रात को खुले इलाकों और हाईवे पर पाला गिरेगा।


## गणतंत्र दिवस पर इस बार कोई विदेशी राष्ट्राध्यक्ष नहीं होगा मुख्य अतिथि



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक स्तर पर कोविड-19 की स्थिति के कारण इस बार गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर किसी भी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित नहीं करने का फैसला किया गया है।विदेश मंत्रालय की ओर से गुरुवार को यह जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि कोविड-19 की वैश्विक स्थिति के चलते यह फैसला लिया गया है कि इस साल गणतंत्र दिवस समारोह में कोई विदेशी राष्ट्र प्रमुख, मुख्य अतिथि के रूप में नहीं हो। इस साल भारत ने गणतंत्र दिवस समारोह के के लिए ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को मुख्य अतिथि बनाया था, लेकिन उन्होंने अपने देश में कोरोना से बिगड़ते हालात के कारण दौरे को रद्द कर दिया था। ऐसे समय में जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से निपट रही हो तब किसी नए राष्ट्राध्यक्ष या शासन के प्रमुख को निमंत्रित करना भी आसान कार्य नहीं था। ऐसे में सरकार ने इस साल बिना मुख्य अतिथि के गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया है। हर साल गणतंत्र दिवस पर किसी न किसी राष्ट्राध्यक्ष या राष्ट्र प्रमुख को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता है। यह परंपरा संविधान के लागू होने के साथ ही शुरू हो गई थी। हालांकि, बाद में कई साल किसी मुख्य अतिथि को आमंत्रित नहीं किया गया।

## हनुमान मंदिर बनाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे भक्त

**दिल्ली के चांदनी चौक में गत तीन जनवरी को ढहाए गए हनुमान मंदिर के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई है। याचिकाकर्ताओं ने स्वयं को हनुमान भक्त बताते हुए पांच दशक पुराना हनुमान मंदिर तोड़े जाने से धार्मिक भावनाएं आहत होने की बात कही है**




**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** दिल्ली के चांदनी चौक में गत तीन जनवरी को ढहाए गए हनुमान मंदिर के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई है। याचिकाकताओं ने स्वयं को हनुमान भक्त बताते हुए पांच दशक पुराना हनुमान मंदिर तोड़े जाने से धार्मिक भावनाएं आहत होने की बात कही है। मंदिर तोड़ने को हरी झंडी देने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका में तोड़े गए हनुमान मंदिर को चांदनी चौक में ही सुंदरीकरण योजना के तहत दोबारा स्थापित करने की मांग की गई है।

सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दिल्ली के रहने वाले जितेंद्र सिंह सहित चार लोगों ने वकील विष्णु शंकर जैन के जरिये दाखिल की है। याचिका में दिल्ली हाई कोर्ट के 30 अप्रैल, 2015 और 20 नवंबर, 2020 के आदेश को चुनौती दी गई है। 30 अप्रैल, 2015 को हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार और उत्तरी दिल्ली नगर निगम को चांदनी चौक में अवैध रूप से बनाए गए धार्मिक स्थलों को हटाने का आदेश दिया था। 20 नवंबर, 2020 को हाई कोर्ट ने श्री मनोकामना सिद्ध श्री हनुमान सेवा समिति की मंदिर बचाने के लिए दाखिल अर्जी खारिज कर दी थी।

याचिका में कहा गया है कि मंदिर ढहाने से पहले कानून में तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, जिससे याचिकाकर्ताओं के पूजा के अधिकार बाधित हुए हैं। हाई कोर्ट ने आदेश देते वक्त इस पर ध्यान नहीं दिया कि वह मंदिर पांच दशक पुराना था। कहा गया है कि दिल्ली सरकार और नगर निगम को इम्प्रूवमेंट स्कीम सहित मास्टर प्लान और जोनल प्लान तैयार करने का अधिकार है। प्रविधानों के मुताबिक दिल्ली सरकार और नगर निगम सुंदरीकरण और इम्प्रूवमेंट योजना में इस मंदिर को समायोजित कर सकते थे।

इस मामले में धार्मिक समिति ने नई सुंदरीकरण योजना में इस मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों को समायोजित करने की योजना तैयार की थी, लेकिन हाई कोर्ट ने इन प्रविधानों पर ध्यान दिए बगैर कह दिया कि धार्मिक कमेटी को सुंदरीकरण योजना में धार्मिक स्थलों को शामिल करने का अधिकार नहीं है। याचिका में हाई कोर्ट के आदेशों को रद करने की मांग की गई। हनुमान मंदिर को फिर स्थापित करने का अंतरिम आदेश भी मांगा गया है। दिल्ली सरकार और नगर निगम को चांदनी चौक सुंदरीकरण योजना लागू करने से रोकने की मांग की गई है।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### बीएलओ के खिलाफ लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**करछना।** विकास खंड करछना के टकटैया गांव मे बीएलओ द्धारा जानबूझकर मतदाता सूची मे गडबडी की शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई थी जिसपर उन्होने टीम गठित कर जाच करने का आदेश दिया था जांच के उपरात मतदाता सूची 155 निर्वाचको का नाम बीएलओ के द्धारा मनमाने ढग से मतदाताओ का नाम काट दिया गया था। जिसकी रिर्पोर्ट हल्का लेखपाल मुकुल कुमार ने बीएलओ राधा के खिलाफ थाना करछना मे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है।इसी तरह रामपुर ता.मुगारी गाव मे मतदाता सूची मे बीएलओ के द्धारा मनमाने ढग से सैकड़ो लोगो का नाम काट दिया गया शिकायत के बाद 150 नाम को जोड़ा गया किन्तु कई मतदाताओ का नाम वोटर लिस्ट से गायब होने को लेकर गाव के दर्जनो लोगो ने उपजिलाधिकारी करछना से शिकायत करते हुए नाम जोडवाने की मांग की है।

### उच्चकों ने कार से उड़ाए 94 हजार, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया तिराहे के समीप स्थित एक बैंक के सामने से गुरुवार दोपहर को 94 हजार की टप्पेबाजी हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो मामला संधिग्ध निकाला। भुक्तभोगी ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक नैनी पीएसी कालोनी निवासी अनिल कुमार विश्वकर्मा पुत्र श्याम बिहारी विश्वकर्मा का बलापुर में इंटर कॉलेज है। गुरुवार को वह बैंक ऑफ बड़ौदा से 94 हजार रुपए निकाले थे। इसके बाद वह केनरा बैंक के समीप कार को खड़ी एक युनियन बैंक में चेक बुक लेने चले गए। जब वह वापस लोटे तो कार का गेट खुला था और पैसों से भरा बैग गायब था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुँची ओर जांच पड़ताल शुरू की तो मामला संधिग्ध निकाला। हालांकि भुक्तभोगी का कहना है कि वह स्टाफ को पैसे देने के लिए बैंक से रूपए निकाला था।

## चोरी की सात बाइकों व एक मार्शल संग तीन चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल, दो फरार

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस और एस ओ जी टीम ने गदाईपुर रेवले ब्रिज के नीचे चोरी की बाइकों को बेचने के खडे तीन चोरों को घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया तथा चोरों की निशानदेही पर मार्शल और अन्य चोरी की बाइकों को बरामद कर तीनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया और फरार दो चोरों की तलाश जारी है ।

एसएसपी प्रयागराज एवं एसपी गंगापार के निर्देश तथा सीओ के रेख देख में बदमाशों की धरपकड़ अभियान के तहत गुरुवार को सुबह इंस्पेक्टर मऊआइमा राम केवल पटेल, कस्बा चौकी इंचार्ज एस आई अजीत सिंह, रमेश कुमार राय, हमराही पुलिसकर्मियों और एस ओ जी प्रभारी गंगापार भूपेन्द्र प्रताप सिंह तथा एसओजी टीम के हेडकांस्टेबल नवीन राय, अभय कुमार, देव यादव ने मऊआइमा हाईवे के ग्राम गदाईपुर रेलवे ब्रिज के नीचे चोरी की बाइकों को बेचने के लिए खडे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर सात चोरी की बाइकों तथा एक मार्शल बरामद कर पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम गुड्डू उर्फ विजय पुत्र पारस सरोज ग्राम खजुरहा मऊआइमा, दूसरे ने अपना नाम शिवा उर्फ शिव कुमार पुत्र मुन्ना लाल ग्राम धीरगंज थाना मान्धाता प्रतापगढ़ बताया तीसरे ने अपना नाम छोटू यादव उर्फ सुलेन्द्र पुत्र मुन्नी लाल ग्राम सारी पटटी थाना बहरिया बताएं और फरार अभीयुक्तों का नाम बच्चा यादव उर्फ वीरेन्द्र पुत्र सुखदेव ग्राम सराय नाहर थाना जेठवारा जबकि दूसरे फरार का नाम मिथुन सरोज पुत्र राकेश सरोज ग्राम जगदीशपुर कटरा गुलाब सिंह थाना जेठरा प्रतापगढ़ बताए । गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने बताया कि वह सभी लोग मिल कर वाहनों की चोरी करते हैं तथा उसका नम्बर बदल कर बेच देते हैं । पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जबकि फरार दोनों आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है ।



चोरी की बाइकों व मार्शल संग पुलिस की गिरफ्त में वाहन चोर

## दो अलग-अलग स्थानों पर वाहन दुर्घटना में दो युवकों की हालत गंभीर

**मऊआइमा।** दो अलग-अलग गांवों में वाहनों की चपेट में आने से दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है । जिनका उपचार अस्पतालों में चल रहा है। पुलिस ने ट्रक को थाने में खड़ी करा लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय जोधराय में अपने बहन के यहां खिचडी देकर घर वापस जा रहे पंकज चौधरी 26 वर्ष पुत्र लोकेश चौधरी ग्राम शाहापुर सोरांव जैसे मऊआइमा के ग्राम बरईपुर में खडी ट्रक घने कोहरे में देखायी न देने से टकरा गया । जिससे पंकज चौधरी को गंभीर चोटें आयी है उन्हें शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उधर ग्राम भाले का वन निवासी कपिल सिंह 19 वर्ष पुत्र अजय सिंह बाइक से कहीं जा रहा था सामने से आ ट्रक ने ग्राम दमोदरपुर में स्कूल के निक साइड मार दी । जिससे कपिल सिंह कि हालत गंभीर बनी हुई है। कपिल सिंह को शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक को थाने में खडी करा लिया है ।

### हजारों ने लगाई गंगा मे डुबकी, मनैया में लगा मेला

**करछना।** वृहस्पतिवार को मनुघाट मनैया व डीहा गंगा घाटो पर सुबह से ही क्षेत्रीय लोगो का ताता लगा रहा लोगो ने आस्था के साथ मकर संक्राति पर गंगा स्नान घाट पर स्थित मंदिरो मे पूजन अर्चन भी किया साथ ही स्नान ध्यान के बाद खिचडी का दान भी किया वही खडैता तारा पर लगने वाले संक्राति मेले मे महिलाओ ने गृहस्थी के सामानो की खरीद्धारी की बच्चो ने भी खेल खिलौने और झूले सर्कस आदि की आनद उठाया इस दौरान मेले में बड़ी सख्या मे महिलाए बच्चे और क्षेत्रीय लोगो की भीड़ देखी गई ।मेले मे करछना समेत हिंदूपुर मनैया मुगारी बेदौ सहित कई गावो से आये लोगो मे देरशाम तक मेले का लुफ्त उठाया और क्षेत्र के कई गांवो से सगम स्नान के लिए भी लोगो को जाते देखा।

## श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु जनसंपर्क अभियान आज से

**नैनी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए राम हिंदुओं की सहभागिता के लिए चलाए जा रहे अब तक के सबसे बड़े जनसंपर्क अभियान की शुरूआत कल 15 जनवरी 2021 से होनी है। जिसका कार्यालय नैनी कोतवाली रोड के समीप गुरूवार को संघ विचार परिवार में कार्य करने वाले गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के संचालक विश्वनाथ लाल निगम ने किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर इतने वर्षों के संघर्ष के बाद बन रहा है यह हिंदू स्वाभिमान के रूप में दुनिया में जाना जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कुमार ने कहा कि पूज्य संतों एवं हिंदू समाज के नेतृत्व में राम जन्मभूमि मुक्ति का संघर्ष चला रामचंद्र परमहंस दास जी, अवैध्य नाथ जी, देवराहा बाबा, श्रद्धेय अशोक सिंघल का बलिदान सार्थक हुआ। प्रयाग की पावन धरती पर संगम के तट पर लिए संकल्प पूर्ण हुए और पूरी दुनिया में हिंदू स्वाभिमान का डंका बजा। मंदिर निर्माण की तारीख पूछ रहे लोग अब मौन है यह भगवान का घर बनने जा रहा है। जिसकी कोई सीमा नहीं है। यह मंदिर राष्ट्र मंदिर के रूप में जाना जाएगा। यह अभियान अब तक का सबसे बड़ा अभियान होगा जो 12 करोड़ परिवार एवं 60 करोड़ आबादी का सहयोग मिलना है। नैनी में 400 बस्तियों तक इस अभियान में पहुंचेंगे और समाज के लोगों का सहयोग हमें प्राप्त होगा। अभियान की शुरूआत शुक्ववार 15 जनवरी 2021 से प्रारंभ होकर 27 फरवरी 2021 तक चलेगा। अंत में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य सच्चा बाबा आश्रम के महंत स्वामी गोपाल जी एवं सुदामा कुटी के महंत स्वामी लाल बाबा ने आशीर्वचन दिया और कहा कि संघ विचार परिवार का यह संकल्प पूर्ण होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र शारीरिक प्रमुख गजेंद्र, विभाग प्रचारक श्री कृष्ण, प्रांत शारीरिक प्रमुख सत्य विजय, भा.ज.पा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणजीत सिंह,सुरेश अग्रवाल, गुरु प्रकाश राव, अमित पाठक, गौरव जायसवाल, ज्ञानेश्वर शुक्ला, नरसिंह, भा.ज.पा मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, विश्वनाथ शरण, विंध्याचल चौरसिया, अजीत जायसवाल व अश्विन मिश्र आदि मौजूद रहे।

## गांव के दंबगों ने नहरों की नहीं होने दी सफाई

**करछना।** तहसील क्षेत्र के दर्जनो गांवो में नहर का पानी किसानों के लिए मुश्किलें खड़ा कर दिया है । क्षमता से अधिक पानी छोड़ दिए जाने से जगह-जगहनहरें टूट रहीं जिससे किसानों की सैकड़ों बीघा फसल पानी में डूब कर बर्बाद हो रही हैं गेहूँ की फसल, अतिक्रमण और जगह-जगह गांव के दबंग लोग नहरों को पाट कर बना लिया रास्ता, जिससे संपूर्ण नहरों की नहीं हो सकी सफाई । सबसे ज्यादा क्षेत्र के रामपुर सेमरहा, अंतहिया, भुंडा सहित कई गांवों में नहर का पानी तांडव मचा दिया है अभी दो दिन पूर्वनहर का गांव में घुसने से सैकड़ों बोरी उर्वरक नहर के पानी में बह गई थी, इन दिनों क्षेत्र के राम पुर गांव के गली मोहल्ले में घूस गया है लोग अपने घरों तक ठंड में पानी में हिल घरों को पहुंच रहें हैं, और गांव की सैकड़ों बीघा गेहू की फसल पानी में डूब कर बर्बाद हो होगयी, गांव के प्रधान घनश्याम यादव ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से अपील की है कि करछना रजबहा में अधिक पानी छोड़ दिए जाने से नहर को तत्काल बंद किए जाने की मांग की है ।

## सिरसा गंगा घाट पर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**सिरसा।** सिरसा गंगा घाट में आज मकर संक्रांति का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है,तो वहीं यूपी के तीर्थराज प्रयागराज सिरसा गंगा घाट पर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सिरसा गंगा घाट में आस्था का जन सैलाब उमड़ा हुआ है।गंगा घाट पर अलग ही छटा इस मौके पर दिखाई दे रही है। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का यहां आना शुरू हो गया था। भारी संख्या में साधु संत और श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। घाटों पर अद्भुत नजारा दिखाई दे रहा है। जहां लोग पूजा अर्चना कर रहे हैं और खिचड़ी, गुड़ और तिल का दान भी कर रहे हैं। मान्यता है कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी और गुड़ तिल दान करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा तट पर कल्पवास करने और गंगा में स्नान कर दान पुण्य करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गंगा घाट में स्नान और दान का विशेष महत्व है, क्योंकि आज के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और सूर्य के उत्तरायण होने पर मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाता हैं। सिरसा गंगा घाट पर बड़े संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किये और श्री श्री नाथ बाबा के दर्शन किये।



सिरसा गंगा घाट पर मकरसंक्रांति पर पुण्य की डुबकी लगाते श्रद्धालु

## पंचायत भवन लोकार्पण समारोह में कवियों ने बांधी समां

### हास्य कवि अशोक बेसरम ने श्रोताओं को जी भर गुदगुदाया!

**हनुमानगंज।** पाली करनपुर गांव में नवनिर्मित पंचायत भवन के लोकार्पण समारोह के दौरान मंच पर मौजूद कवियों ने खूब समां बांधी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा गंगापार अध्यक्ष अश्वनी कुमार द्विवेदी विधायक प्रवीण पटेल के अलावा विशिष्टअतिथि के रूप में प्रयागराज की। जिला पंचायत राजअधिकारी रेनू श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी फूलपुर युवराज सिंह मौजूद रहे। अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने किया। अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत और सरस्वती वंदना के उपरांत मंच पर आयोजित कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने अपनी हास्य कविताओं पर खूब तालियां बटोरी। उन्होंने कहा, परधानी मां बड़ा मजा है, कब तक बइठे माछी मरिहौ, कहो गजोधर तुमहूं लड़िहौ? विक्टर सुल्तानपुरी के मुक्तकों ने सामाजिक विकृतियों पर तंज कसते हुए खूब वाहवाही लूटी तो वहीं गंगा जमुनी तहजीब से जुड़े शायर मखदूम फूलपुरी ने कहा, दुलार करती हो चिड़िया जब अपने बच्चों से,ऐसी हालात में उसका शिकार मत करना। गीतकार जीतेंद्र जलज ने, यहां जहर हवा में मत घोलो, भारत माता की जय बोलो जैसे राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत गीत पर खूब तालियां बटोरी। ओज कभी अमित आभाष नेअपनी कविताओं द्वारा तिरंगे को सलाम करते हुए लोगों को रोमांचित कर दिया। इसके उपरांत पंचायत भवन तक पहुंचे सभी अतिथि गणों ने फीता काटकर नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया साथ ही मंच पर मौजूद कवियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्रधान संतोष कुमार यादव ने सभी अतिथियों, कवियों और आगंतुकों का माल्यार्पण और स्वागत किया तथा प्रधान तारावती यादव ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। लोकार्पण समारोह का संचालन दुवार्सा मंडल के अध्यक्ष आत्माधर द्विवेदी ने किया। इस मौके पर सांवरे लाल तिवारी, जीतलाल त्रिपाठी, मुरारी जी महाराज, सुनील दुबे, पवन यादव, काशीनाथ दुबे, रजनीकांत दुबे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




समारोह में सम्मानित कवि

### सीओ संतोष सिंह ने संभाली हड़िया सर्किल की कमान

**बरौत।** नवांगतुक सीओ संतोष कुमार सिंह ने हड़िया सर्किल का विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है । सीओ की कमान संभालने के बाद संतोष कुमार सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हड़िया क्षेत्र की समस्याओं का प्रमुखता से निराकरण किया जाएगा व शासन की मंशानुरूप वैश्विक महामारी कोरोना 19 वायरस से बचाव के लिए सोशल डिस्टेसिंग माक्स पर विशेष नजर रहेगी । सीओ ने बताया कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाना व पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी । यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएगें । महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम पर विशेष फोकस के साथ अपराधी किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएगें । उन्होंने कहा कि पीकेट व्यवस्था, रात्रि गश्त पर नजर रखी जायेगी लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि थानों और चौकियों में बैठ कर रिपोर्टिंग करने वाले अपने अपने क्षेत्रो में रहे। शासन की मंशा उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराधों पर अंकुश लगाना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## कोहरे से जन-जीवन अस्त व्यस्त



घने कोहरे में लाइट के सहारे आते जाते वाहन

**उरूवा।** क्षेत्र में गुरुवार को सुबह घना कोहरा पड़ने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं सुबह कोहरा पड़ने के कारण वाहन चालकों ने लाइट जलाकर वाहन चलाए। बता दे की दो दिन से मौसम का मिजाज बदलने से कोहरा घना होने लगा है , उरुवा क्षेत्र में सुबह मंदिर जाने वाले एवं दूध बेचने आए दूधिए , राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदारों व ग्रामीणों ने अपने घर , दुकान के आगे अलाव वही जलाते हुए नजर आए। कोहरा के साथ साथ सर्दी तेज होने के कारण लोग गर्म कपड़े पहनकर घरों से निकले। बुजुर्गों के साथ बच्चे भी घर में रहे। मनुकापूरा, गेदुराही, लोटाढ़, जगेपुर बकचूंदा सोरांव ग्राम में ज्यादा कोहरा पड़ने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन की तरफ से हर जगह अलाव न जलवाने से लोगो में नाराजगी दिखी।

### प्रधानपति ने प्रधानाध्यापक से की मारपीट, फाड़ा रजिस्टर, केस

**करछना।** विकास खण्ड करछना के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ककरम में चार दिन पूर्व ग्राम प्रधान पति कल्लू सोनकर विद्यालय मे पहुंचकर प्रधानाध्यापक गगेश नारायण पाडेय को गाली देने लगा जिसपर प्रधानाध्यापक ने मना किया तो वह मारपीट करने लगा।प्रधानाध्यापक ने किसी तरह अपनी जान बचाकर करछना थाने पहुचा और प्रधानपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। प्रधानपति द्वारा आयेदिन स्कूल पहुचकर किसी न किसी बहाने वह गाली गलौज करता रहता है और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि मुकदमा वापस कर लो नही तो एससीएसटी के फर्जी मुकदमे में फंसाने फसा दूगा। प्रधानाध्यापक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है वही इस मामले को लेकर विभागीय अधिकारियों से तबादले के लिए गुहार लगाई है लेकिन विभागीय अधिकारी मामले को गभीरता से नही ले रहे है जिससे भुक्तभोगी काफी भयभीत है।



माघ मेला में श्रद्धालुओं का सेवा कार्य देखते वरिष्ठ समाजसेवी

### मातृ - स्नेह फाउंडेशन की ओर से श्रद्धालुओं की हुई सेवा

**प्रयागराज।** प्रयागराज संगम क्षेत्र में मातृ - स्नेह फाउंडेशन द्वारा भयंकर ठंड और कोहरे में मकर संक्रांति के अवसर पर दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालुओं को खिचड़ी और चाय का वितरण किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सभी कार्यकर्ता अशोक पांडे, आर.के द्विवेदी, सुमित सिंह, सोनू, कृष्णा तिवारी और अरविंद यादव सहित सभी लोगों ने अपनी सेवाएं समर्पित की। इस अवसर पर फाउंडेशन के तथा अध्यक्ष एवं संरक्षक श्री नागेंद्र सिंह ने बताया कि मां त्रिवेणी के गोद में आए हुए सभी श्रद्धालुओं का मातृ - स्नेह फाउंडेशन हार्दिक अभिनंदन करती है। तथा सभी लोगों से आग्रह किया कि कोविड से सुरक्षित तरीके से बचने के लिए मेला प्राधिकरण, प्रशासन तथा सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए लोग मां त्रिवेणी में स्नान करें। शारीरिक दूरी बनाए रखें। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। तथा अनावश्यक भीड़ से बचें और प्रशासन का पूरी तन्मयता के साथ सहयोग करें ।

### बाइक सवार टप्पेबाजों ने फुटकर के बहाने लेखपाल से 50000 लूटा

**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र के जारी नहर चौराहे के पास बाइक सवार टप्पेबाजो ने पैदल जा रहे एक रिटायर लेखपाल से बाइक सवार दो बदमाशों ने गुरुवार की दोपहर में दिनदहाड़े 50 हजार रुपये लूट लिए। वह जारी के स्टेट बैंक की शाखा से रुपये निकालकर अपनी दुकान जा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र प्रसाद सिंह निवासी भेलाव गांव के रहने वाले हैं जो कि जारी बाजार में मशीनरी पार्ट्स की दुकान खोल रखी है और उन्होंने बताया कि मैं बैंक से पैसा निकाल कर तकरीबन 2:00 बजे नहर चौराहे के पास पहुंचा वैसे ही फुटकर मांगने के चक्कर में लाल रंग की पल्सर से आए और झपट्टा मारकर उनके हाथ से नोटों की गड्डी छीन लिया और फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जारी चौकी इंचार्ज मनीष सिंह मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं।

## बाबा घोघरनाथ के मेले में पहुंचे हजारों की संख्या में लोग

**खीरी।** मकर संक्रांति के दिन मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश से सटे सीमा के पास टोंस नदी के दोनों तरफ लगने वाले मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे एवं भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर मेले का आनंद लिए' मेले की सुरक्षा हेतु खीरी पुलिस नारीबारी पुलिस एवं जारी की पुलिस मौके पर तैनात रही' बताते चलें कि मकर संक्रांति के दिन लगने वाले मेले में खास बात है कि पूरा मेले का क्षेत्र तीन थाना क्षेत्रों से सटा हुआ है जिसके कारण तीनों थाना क्षेत्र द्वारा सुरक्षा मुहैया कराया जाता है' नारीबारी, जारी, गन्ने, सुजनी, सलैया, पालपट्टी, इटवा, खीरी, गोबरा, जोरहट, खपटिहा, छापर, महुली, कौंदी, बहरैचा, कल्याणपुर समेत सैकड़ों गांव के लोग इस मेले में सम्मिलित होते हैं' घोघरनाथ मेले में औरतें एवं बच्चे की संख्या ज्यादा रहती है। आज के दिन लोगों द्वारा सर्वप्रथम सूर्य भगवान की उपासना की गई तत्पश्चात दान दक्षिणा भी किया गय ' स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि उपरोक्त स्थल पर मेले का आयोजन पिछले कई वर्षो से होता चला आ रहा है' उक्त मेले में पहुंचकर लोग टोंस नदी में पत्थरों के बीच बह रहे तेज आवाज करती हुई बहाद्दार पानी को देखकर खूब प्रफुल्लित हुआ करते हैं वहीं उक्त मेले में ग्रामीण क्षेत्रों के आवश्यक और जरूरतमंद सामान उपलब्ध रहता है जिसका खरीदारी ग्रामीण औरतें जमकर करती हैं ।



मेले में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज शुक्रवार, 15 जनवरी, 2021

## संक्षेप समाचार

### पुल से युवक ने लगाई यमुना नदी में छलांग, लापता

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के नए यमुना पुल से यमुना नदी में एक युवक बीती रात छलांग लगा दिया। जिसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश के सतना जिले के बांसनाका, टिकुरिया टोला रोड टावर के समीप, कोलगांव थाना क्षेत्र निवासी जीतेंद्र गिलानी ( 40 ) पुत्र बृजलाल गिलानी कन्फेक्शनरी की दुकान चलाते हैं। परिजनों के मुताबिक वह बुधवार शाम लगभग 5:00 बजे घर से बिना बताए बैग लेकर निकले और वह दोबारा लौटकर वापस नहीं पहुंचे। बताया जाता है कि जीतेन्द्र गिलानी किसी ट्रेन पर सवार होकर नैनी पहुंचे और नए यमुना ब्रिज पर बैग को रखकर पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटित वारदात की जांच पड़ताल की तो मौके से बरामद बैग में रखे आधार कार्ड व डायरी के माध्यम से युवक के परिजनों को सूचना दी। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को गोताखोरों की टीम पानी में उतारा जाएगा।

### पति ने पत्नी पर लगाया डेढ़ लाख रुपए ले जाने का आरोप

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के चाका गांव के रहने वाले मक्खन लाल ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी देवरख गांव की रहने वाली रुक्मणी के साथ हुई है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी आए दिन विवाद करती रहती है। बीते पांच जनवरी को वह अपनी अपनी मां व बहन के साथ घर से बैग में रखकर सामान लेकर चली गई। आरोप है कि उसकी पत्नी समूह के लगभग डेढ़ लाख रुपए लेकर पंजाब चली गई है। हालांकि पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

# मकर सक्रांति स्नान पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति स्नान पर्व पर गुरुवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। हालांकि हर वर्ष की तरह इस बार ज्यादा भीड़ भाड़ नहीं दिखी। कोरोना की वजह से स्नान पर्व पर ज्यादा चहल पहल नहीं दिखी फिर भी कोरोना पर आस्था भारी पड़ी लोगों ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। गुरुवार से ही मकर संक्रांति स्नान पर्व के साथ ही संगम की रेती पर लगने वाले 57 दिन के आस्था के मेले की शुरूआत हो गई है। गुरुवार की सुबह घने कोहरे की वजह से संगम तट पर भीड़ कम दिखी लेकिन जैसे-जैसे भगवान भास्कर अपना दर्शन देना शुरू किए वैसे वैसे कोहरा छटने लगा माघ मेला में लोगों की भीड़ जुटने लगी, बुजुर्ग, युवक-युवतियों और बच्चों की टोली मेले में पहुंचने लगी। त्रिवेणी में डुबकी लगाने के पश्चात लोग दान पुण्य करते रहे। वहीं दूसरी तरफ लोग सेल्फी खींचते रहे। इस बार पुलिस और प्रशासन की सख्ती के कारण घाट पर तीर्थ पुरोहित नहीं बैठ सके। अगर कोई दिखा तो पुलिस ने हटवा दिया। आईजी केपी सिंह खुद माइक संभाल कर श्रद्धालुओं को स्नान के बाद घाट खाली करने को कहते रहे। आईजी व जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने मोटर बोट से अरैल घाट तक निरीक्षण किया। मेला क्षेत्र के सेक्टर तीन से सेक्टर पांच तक क्षेत्र में काफी सन्नाटा रहा। हर बार की तरह इस बार शिविरों से भजन कीर्तन की आवाज नहीं सुनाई दी। लाउड स्पीकर पर हर वक्त कोरोना का ही एनाउंसमेंट हुआ। जीटी जवाहर चौराहे सहित मेले में कुल 12 जगह पर कोविड हेल्प डेस्क बनाई गई थी, जहां बुखार नापने के बाद प्रवेश दिया जा रहा था। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि सभी तैयारियां की गई हैं। मानक के अनुरूप गंगा जल का प्रवाह ठीक है।

माघ मेला में कोविड-19 गाइडलाइन के चलते इनकी संख्या पिछले स्नान पर्व से कम है पर, आस्था में कहीं कोई कमी नहीं दिखी। उधर, इसी तरह कानपुर, वाराणसी, फरुर्खाबाद और गड़मुक्तेश्वर में भी श्रद्धालु सुबह से ही पुण्य की डुबकी लगाने स्नान घाटों पर पहुंचने लगे।

हर-हर गंगे, जय मां गंगे के जय घोष के साथ मकर संक्रांति पर्व का पुण्य प्राप्त करने को श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाये। इस दौरान कई स्नान घाटों पर स्नान के मद्देनजर कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन होता नजर नही दिखा।

सूर्य के मकर राशि के प्रवेश को मकर संक्रांति कहते हैं। मकर संक्रांति प्रातः सूर्योदय के बाद पुण्यकाल में पवित्र स्थानों पर स्नान दान का महत्व होता है। इस पुण्यकाल में स्नान, सूर्य उपासना , जप, अनुष्ठान, दान-दक्षिणा करते है। काले तिल, गुड़, खिचड़ी, कंबल व लकड़ी के दान का विशेष महत्व है। 14 जनवरी के बाद मलमास के कारण रूके हुए मांगलिक कार्य शुरू होते हैं। इस बार गुरु शुक्र अस्त के चलते विवाह आदि मांगलिक कार्य अप्रैल से होंगे। सूर्य सुबह 8:30 बजे उत्तरायण हुआ और मकर राशि में प्रवेश कर गया। सुबह 8:30 बजे से शाम 5:34 तक रहेगा। संक्रांति में दान और स्नान का महत्व है।



गुरूवार को मकरसंक्रांति स्नान पर्व पर संगम में पुण्य की डुबकी लगाते श्रद्धालु

### दो घाटों पर कटान के कारण नहीं हो सका स्नान

सेक्टर चार और सेक्टर पांच के घाटों पर स्नान नहीं हो सका। गंगा का कटान बढ़ने के कारण परेशानी हुई। पुलिस ने श्रद्धालुओं को सेक्टर तीन के घाट पर भेजा। दंडी सन्यासी ब्रम्हाश्रम ने बताया कि दूरी के कारण उन्होंने शिविर में ही स्नान किया।





संगम स्नान के बाद अपने घर को लौटते श्रद्धालु

# धुंध में ढका रेलवे ट्रैक, रेंगती रहीं ट्रेनें



**प्रयागराज।** इस मौसम में सबसे अधिक कोहरा पड़ा तो प्रीमियम ट्रेनों की रफ्तार पर लगाम लग गई। नई दिल्ली-प्रयागराज खंड की सबसे खराब स्थिति रही। कोहरे से ढके ट्रैक पर अधिकतम स्पीड 75 किमी की रफ्तार में भी ट्रेनें नहीं चल पाईं। इसकी वजह से वंदेभारत, प्रययागराज, हमसफर, स्पेशल समेत एक दर्जन ट्रेनें छह घंटे तक विलंबित हुईं।

इस खंड में चलने वाली सेमी हाईस्पीड ट्रेन 02436 नई दिल्ली-वाराणसी वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन 2.13 मिनट विलंब से प्रयागराज जंक्शन आई। इसी प्रकार प्रयागराज एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे और हमसफर एक्सप्रेस सात घंटे विलंब से प्रयागराज पहुंची। भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस भी कोहरे की चपेट आने से विलंबित हुई। विलंब से पहुंचने के कारण वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली वंदेभारत पौने दो घंटे विलंब से रवाना हुई। कोहरे में ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए प्रयागराज, वंदेभारत, हमसफर स्पेशल ट्रेनों में जीपीएस लगाया गया है। जीपीएस सिस्टम से ट्रेन के लोको पायलटों को सिग्नल की जानकारी मिल जाती है। इंजन में लगा यह सिस्टम भी बुधवार को सिर्फ सिग्नल की ही जानकारी देता रहा। ट्रैक पर कोहरा इतना अधिक था कि सिग्नल की जानकारी होने के बावजूद लोको पायलट धीमी गति से ट्रेनें चलाने को विवश थे।

## माघ मेला 2021 के प्रथम स्नान पर्व पर एडीजी जोन प्रयागराज ने भृमण कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रयागराज।** अपर पुलिसमहानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रेम प्रकाश के द्वारा जनपद प्रयागराज में गुरूवार को माघ मेला के मकर संक्रांति स्नान पर्व के अवसर पर मेला क्षेत्र मेंअपरपुलिसमहानिदेशक के द्वारा मकर सक्रांति के प्रमुख स्नान पर्व पर संगम नोज एवं अन्य घाटों पर फुट पेट्रोलिंग/घुड़सवारी व स्ट्रीमर के माध्यम से सुरक्षाव्यवस्था का जायजा लिया गया एवं श्रद्धालुओं को लाउड हेलर के माध्यम से कोविड-19 व बर्ड फ्लू से बचाव के सम्बन्ध में नियमों के पालन करने हेतु अपील की गई एवम् आवश्यक सतर्कता बरतने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए गए। अपर पुलिसमहानिदेशक प्रयागराज जोडें के द्वारा माघ मेला 2021 मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु मेला प्रशासन के तरफ से की गई व्यवस्थाओं एवम परीक्षण हेतु बनाए गए कोविड 19 जांच केंद्र का निरीक्षण कर जायजा लिया गया।

# बन्दिशों के बीच धूमधाम से मनाई गई लोहड़ी



लोहड़ी उत्सव मनाती महिलाएं

**प्रयागराज।** कोरोनाकाल में बन्दिशों के बीच बुधवार को लोहड़ी का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। मकर संक्रांति पर आयोजित लोहड़ी उत्सव में सीमित संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने पर्व की खुशियां मनाई। इस अवसर पर शहर के कई स्थानों पर हुए आयोजन में पारंपरिक परिधान में सज-धजकर महिलाओं ने सुंदर मुंदरियों हो, तेरा कौन विचार हो। दुल्ला भट्टी वाला धी ब्याही हो...के पारंपरिक लोकगीत पर जमकर नृत्य किया। शाम को सामूहिक रूप से आग जलाकर नई फसल के निमित्त पूजा की और मक्का, तिल, गजक, मूंगफली, गुड़ अर्पित कर ईश्वर और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने आग की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की।

अशोक नगर के विनायक एन्क्लेव में आयोजित उत्सव में पंजाबी गीत, नृत्य पर खूब धमाल किया। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, योगिता शर्मा, निर्मला, कृतिका, अंशुल ने आग में लोहड़ी प्रसाद अर्पित कर परिक्रमा की। मजूमदार, अब्राहिम, गीतिका, वंदना, अर्पिता, सुप्रिया, प्रीती, आनी, नंदिनी, श्रेय, अनु, माही, अलीन मौजूद रहे।

अखिल भारतीय महिला परिषद की नगर शाखा अध्यक्ष रंजना गुलाटी के एमजी मार्ग स्थित आवास पर लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने सामूहिक रूप आग जलाकर लोहड़ी की खुशियां साझा की। मक्का का लावा, मूंगफली, गजक, तिल की आहुति देकर धनधान्य की कामना की गई। महिलाओं ने पंजाबी लोकगीत की प्रस्तुति की। साथ ही दुल्ला भट्टी के परोपकार को याद किया। इस अवसर पर निधि, मोनिका, केसरी, महिमा केसरवानी, राहुल, शिवमूर्ति पांडेय मौजूद रहे।

### कछुआ विहार में छोड़े जाएंगे 150 कछुए

**प्रयागराज।** हंडिया के कोठारी गंगा घाट में बनने वाले कछुआ वन्य जीव विहार में वन विभाग की ओर से 150 कछुओं को होली के पहले छोड़ा जाएगा। यह कछुआ वन्य जीव विहार वाराणसी से प्रयागराज शिफ्ट किया जा रहा है। 30 किलोमीटर के दायरे में कछुआ वन्य जीव विहार बनाया जाएगा इसके निर्माण 25 से 35 करोड़ रुपए खर्च होंगे। चार प्रजाति के कछुए होली के पहले छोड़ दिए जाएंगे। डीएफओ वाईपी शुक्ला ने बताया कि कछुआ वन्य जीव विहार जहां पर होगा उस पूरे एरिया को पर्यटन स्थल के रूप में तब्दील किया जाएगा। नौका विहार का भी इंतजाम होगा। होली के पहले जियोक्लेमस हैमिलटोनी, पैंग्सुश टेंटोरिया सरकम्डाटा, पैंग्सुरा टेक्टा और लिसेमस पंग्टाटा प्रजाति के कछुए छोड़े जाएंगे। इन्हें लखनऊ से लाया जाएगा।

### टीजीटी विज्ञान 2016 का संस्था आवंटन जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने बुधवार की शाम प्रशिक्षित स्नातक (टीजीटी) 2016 के विज्ञान विषय के 1113 शिक्षकों का संस्था आवंटन जारी कर दिया। बोर्ड ने 31 दिसंबर को इस विषय का परिणाम जारी किया था। वहीं दूसरी ओर प्रवक्ता अंग्रेजी का संशोधित पैनल भी बुधवार को जारी कर दिया। प्रवक्ता अंग्रेजी का परिणाम 18 मार्च 2020 को घोषित किया गया था। लेकिन साक्षात्कार से वंचित कुछ अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। कोर्ट के आदेश पर 9 अभ्यर्थियों को फिर से साक्षात्कार में मौका दिया गया था। इनमें से एक अभ्यर्थी का चयन प्रतीक्षा सूची में होने के कारण संशोधित परिणाम जारी करना पड़ा।

## मकर संक्रांति पर स्नान को आए श्रृद्धालुओं की हालत बिगड़ी

### माघ मेले में सरकारी अस्पताल में हुआ इलाज

**प्रयागराज।** गंगा और त्रिवेणी के डॉक्टरों ने भी अपना धर्म निभाना शुरू कर दिया है। सुबह सुबह यातायात पुलिस लाइन माघ मेला के एक जवान को हार्ट में दर्द महसूस होने पर त्रिवेणी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर अंकिता पांडेय ने उनका इलाज करने के बाद स्वस्थ होने पर वापस भेजा। मकर संक्रांति स्नान पर्व से शुरू हुए माघ मेले में सरकारी अस्पताल गंगा और त्रिवेणी के डॉक्टरों ने भी अपना धर्म निभाना शुरू कर दिया है। प्रयागराज ही नहीं, अन्य जनपदों से आये महिला व पुरुष डॉक्टरों की टीम अस्पताल आने वाले मरीजों के इलाज में मुस्तैद हो गई है। सुबह सुबह यातायात पुलिस लाइन माघ मेला के एक जवान को हार्ट में दर्द महसूस होने पर त्रिवेणी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर अंकिता पांडेय ने उनका इलाज करने के बाद स्वस्थ होने पर वापस भेजा।

मेला क्षेत्र के दोनों बड़े अस्पतालों में सामान्य मर्ज जैसे पेट मे दर्द, गठिया दांत दर्द, दस्त, खांसी,के मरीज आने लगे हैं। इक्का दुक्का ऐसे मरीज भी आये जिन्हें रात में ठंड लग गई थी लेकिन डॉक्टरों ने इलाज कर उन्हें राहत पहुंचाई।

#### आज हुई थर्मल स्कैनिंग से जांच

माघ मेला के प्रवेश वाले मार्गों पर पुलिस बैरियर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम थर्मल सकैनिंग से जांच करने के बाद श्रद्धालुओं को आगे जाने दे रही है। हालांकि जो लोग सैकड़ों के समूह में आ रहे हैं उनकी एक एक की जांच टीम के लिये भी संभव नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और एम्बुलेंस को भी सक्रिय कर दिया गया है।

#### चिकित्सा स्टाफ को आने में हो रही परेशानी

माघ मेले में चिकित्सा स्टाफ को ड्यूटी तो बहुत पहले मिल गई लेकिन कई कर्मचारियों व डॉक्टरों में मेला पास अब तक नहीं मिले, इससे उन्हें मेला ड्यूटी पर आने में पुलिस की टोकाटोकी का सामना करना पड़ रहा है।

#### त्रिवेणी अस्पताल में दवाएं हैं कम

माघ मेले के त्रिवेणी अस्पताल में दवाओं का टोटा है। आई ड्राप, डेंटल बीमारियों की दवाएं मरीजो को केवल पर्चे पर लिखी जा रही है, दवाएं उन्हें बाहर से खरीदनी पड़ रही है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर गरीबों और दिव्यांग को समाजसेवी नागेंद्र सिंह ने वितरित किया कंबल

**प्रयागराज।** वरिष्ठ समाजसेवी नागेंद्र सिंह स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर नैनी स्थित सुमंगलम में पढ़ रहे बच्चे बच्चियों को कंबल वितरित किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद की जीवनी से जुड़े हुए जीवन उत्प्रेरक कार्यक्रम और भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति तथा रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर के. एन. सिंह, मुख्य वक्ता संघ के सह प्रांत प्रचारक मुनीश जी, श्री सुमंगलम के संयोजक एवं मातृ - स्नेह फाउंडेशन के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, स्वागत अध्यक्ष प्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ सुदीप वर्मा तथा कोरांव नगर पंचायत के अध्यक्ष नरसिंह केसरी उपस्थित रहे। संचालन श्री सुमंगलम के निदेशक अजीत बहादुर ने किया। सुमंगलम के संस्थापक एवं संरक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं संगठन के पदाधिकारियों का हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चियों तथा बच्चों द्वारा अनेक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के अंत में अनेक गरीबों और दिव्यांग जनों को कंबल तथा अन्य वस्त्र का वितरण किया गया। अपने उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर के. एन. सिंह ने बेटी पढ़ाओ तथा बेटी बचाओ के सुमंगलम के प्रयासों को मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे गांव गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025



शोक सभा में उपस्थित कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता

# कांग्रेस नेता को मातृशोक

**प्रयागराज।** कांग्रेस कार्य समिति सदस्य व विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष संजय तिवारी की माता फूलवंती देवी (94) का लम्बी बीमारी के बाद बुधवार देर रात शहर के निजी अस्पताल में निधन हो गया। कांग्रेस नेता के मातृशोक की सूचना मिलते ही अल्लापुर स्थित उनके आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने वाले नेताओं एवं लोगो की भीड़ जुट गई। गुरुवार को दारागंज स्थित दशाशुमेर घाट पर विधिविधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामकिशुन सिंह पटेल सुरेश यादव, मुकुन्द तिवारी, नफीस अनवर, विवेकानंद पाठक, वसीम अंसारी, हसीब अहमद, शिवमनोरथ शुक्ला, शकील अहमद, आशीष पाण्डेय, अभय अवस्थी, अनिल पाण्डेय, अंशुमान पटेल, बृजेश सिंह, विनय पाण्डेय, एहतेशाम अहमद, जितेश मिश्रा समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो मेला में उमड़ी भीड़

**प्रयागराज।** मकर सक्रांति स्नान पर्व पर श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगाने पहुंच रहे थे वहीं दूसरी तरफ लौटते वक्त हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट मेला में हाथ से बनी वस्तुओं को लेने के लिए पहुंच रहे थे हाथ से निर्मित वस्तुओं लोगों को खूब भा रहे हैं । प्रयागराज के केपी ग्राउंड मेडिकल चौराहे के पास इलाहाबाद हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो मेला में देश के विभिन्न प्रांतों के हस्तशिल्प कलाकारों ने अपने हाथों की वस्तुएं बना कर बेच रहे हैं। मेला में भारत के विभिन्न प्रांतों से कलाकार आए हुए हैं जिन्होंने अपने हाथों से वस्तुओं को बनाया है। यह मेला जन सहयोग एवं विकास संस्थान सोरांव प्रयागराज के माध्यम से लगाया गया है 'मेले के अंदर विभिन्न प्रकार के स्टाल हस्तशिल्पयों द्वारा लगाए गए जैसे कोलकाता की साड़ी गुजराती पैच वर्क की चादर कारपेट पैच वर्क की चादर हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट सौंदर्य उत्पाद इंटीरियर फर्नीचर हेल्थ फिटनेस प्रोडक्ट्स लहंगा चुनरी साड़ी डिजाइनर सूट लाख ज्वेलरी कला काटन शर्ट खादी कुर्ता ड्राई फ्लावर बेडशीट फुलकारी की जूती मूंगा साड़ी किचनवेयर का आइटम राजस्थानी व्यंजन सहारनपुर की फर्नीचर भदोही के कालीन बनारस की साड़ी आजमगढ़ का ब्लैक पोटरी आदि लगाया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है बच्चों के लिए झूले इत्यादि की व्यवस्था है साथ ही राजस्थानी खानपान की उत्तम व्यवस्था है 'मेला प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि मेले के अंदर कोविड-19 का पालन अनिवार्य रूप से किया जा रहा है मेला में बिना मास्क प्रवेश वर्जित हैइसके साथ ही बच्चों के लिएसामान खरीदने के साथ-साथ कलाकारों को भी प्रशंसा लो खूब कर रहे हैं यह मेला 1 जनवरी से 20 जनवरी तक लगेगा। मेला सुबह के 11:00 बजे से रात्रि के 9:00 बजे तक लगा रहता है । लोगों की अच्छी खासी भीड़ मेला में जुट रही है।




हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो मेले में सजी दुकानें

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज शुक्रवार, 15 जनवरी, 2021

## संक्षेप समाचार

### राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि मौके से गायब

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कटरा खुर्रम पुर बजहा गांव की आराजी संख्या 82 लगभग 12 बिस्वा राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि दर्ज है इस सरकारी भूमि की बाजारू कीमत करोड़ों में है। इसी भूमि पर आजादी के पूर्व समय से सरकारी परिषदीय विद्यालय बना हुआ था जिस पर गांव के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते थे बाद में बेसिक शिक्षा परिषद ने इस विद्यालय का नया भवन दूसरे स्थान पर बना दिया जिस पर यह पुराना स्कूल भवन और सरकारी भूमि खाली पड़ी रह गयी जिस पर बद नियति के चलते गांव के एक परिवार के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि खुर्रम पुर बजहा कटरा गांव के कृष्णा लाल जायसवाल वा कमलेश कुमार जायसवाल पुत्र गण रामफल जयसवाल वा इन्हीं के परिवार के भुनेश्वर जयसवाल अमरीश कुमार जयसवाल गोली जयसवाल ननकी जयसवाल पुत्रगण राधेश्याम जयसवाल ने सरकारी भूमि आराजी संख्या 82 पर बने सरकारी स्कूल को तोड़कर अपना कब्जा बना लिया स्कूल के भवन निर्माण की सामग्री को दबंग उठा ले गए। शिकायतकर्ता के अनुसार गांव में खाली पड़ी 12 बिस्वा सरकारी भूमि को उपरोक्त लोगों ने अपने आराजी संख्या 80 आराजी संख्या 81 आराजी संख्या 83 और आराजी संख्या 84 में जोत कर सरकारी भूमि मिला लिया मौके पर सरकारी आराजी संख्या 82 पूरी तरह से उपरोक्त लोगों के कब्जे में हो चुकी है।

## मकरसंक्रांति पर गंगा यमुना में स्नानार्थियों की उमड़ी भीड़

### ऐतिहासिकता को संजोए पभोषा मेला में भक्तों की लगती है अपार भीड़

**कौशांबी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जिले के गंगा यमुना के विभिन्न घाटों पर लाखों भक्तों ने गंगा यमुना नदी के पवित्र जल में डुबकी लगा कर स्नान किया है स्नान के दौरान गंगा यमुना के घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पर पुलिस के जवानों को ड्यूटी पर तैनात किया था मकर संक्रांति के दिन भोर 4:00 बजे से ही गंगा और यमुना के घाटों पर स्नान करने भक्त पहुंचने लगे हैं दोपहर बाद भी गंगा यमुना के घाटों पर स्नान करने वालों की संख्या लगातार मौजूद रहे लाखों भक्तों ने विभिन्न गंगा यमुना के घाटों में स्नान किया है गंगा के कड़ा घाट संदीपन घाट पल्हाना घाट बदनपुर घाट फतेहपुर घाट काकरा बाद घाट उमरछा घाट के साथ यमुना के महेवा घाट पभोषा घाट नंदा का पुरवा घाट सेवढा घाट रसूलपुर ब्यूर घाट औधन घाट तिल्हापुर घाट सहित विभिन्न गंगा यमुना के घाटों पर स्नान करने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही।



मकर संक्रांति पर्व पर घाटों पर स्नान करते श्रद्धालु।




पभोषा घाट पर लगा ऐतिहासिक मेले में उमड़ी भीड़

### मकर संक्रांति के पर्व पर विभिन्न क्षेत्रों में लगता है मेला

**कौशांबी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पूरे जिले में भक्त इस पर्व को बड़ी आस्था और विश्वास के साथ मनाते हैं इस दिन सूर्य की चाल की दिशा बदल जाती है जिससे इस पर्व का महत्व और बढ़ जाता है जिले के पभोषा घाट का मेला ऐतिहासिकता को संजोए हुए है इस मेले में लाखों लोग मेले का आनंद उठाते हैं पभोषा में हजारों वर्ष से मकर संक्रांति के दिन मेले का आयोजन किया जाता है इसके अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों में भी मेले का आयोजन होता है यमुना नदी के रसूलपुर ब्यूर गांव में भी मेले का आयोजन होता है जहां भक्त मेले का आनंद उठाते हैं।

### भीड़ के चलते चौराहों पर लगा रहा जाम

**कौशाम्बी।** मकर संक्रांति पर गंगा यमुना के स्नान के चलते भरवारी मूरतगंज पुरामुफ्ती सहित बिभिन्न प्रमुख चौराहों पर गंगा स्नान करने वाले भक्तो की भीड़ बढ़ गई जिसके चलते घंटों चौराहों पर जाम की स्थिति भी बनी रहे लेकिन पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए लगाए गए पुलिस और होमगार्ड के जवानों ने कड़ी मेहनत कर भीड़ को नियंत्रित किया।

## स्वर्ण व्यवसाई की दुकान में सेंध कर डेढ़ लाख के जेवरात उठा ले गए चोर

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज बाजार में एक स्वर्ण ब्यवसाई की दुकान में सेंध कर डेढ़ लाख के जेवरात चोर उठा ले गए है मामले की जानकारी पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी है। जानकारी के मुताबिक बबलू सोनी पुत्र हरिओम सोनी की देवीगंज कस्बे में स्टेट बैंक के पास सरार्फा की दुकान है वह दुकान बंद कर रात में घर चले गए बीती रात सोने चांदी की दुकान में अज्ञात लोगों ने दीवार में सेंध कर दुकान में रखा सोने चांदी का जेवर उठा ले गए है दुकान से चोरी गए सोने चांदी के जेवर की कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई जाती हैं सुबह दुकान खुलने पर चोरी की जानकारी दुकानदार को हुई हैं पीड़ित ब्यापारी ने घटना की सूचना कोतवाली कड़ा में दी है पुलिस ने मौका मुआयना कर घटना के खुलासे में लगी है।

### कमरे में बंद कर बाग की रखवाली कर रही महिला को पीटा

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र में एक बाग की रखवाली कर रही एक बुजुर्ग महिला को गांव के ही दबंगों ने कमरे में बंद करके बेरहमी से पीट दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के पीछे लकड़ी तोड़ने से मना करने पर विवाद बताया जाता है। जानकारी के मुताबिक शीतला धाम कड़ा निवासी स्वर्गीय भोलेनाथ की पत्नी राजकुमारी बड़के टीला बाग की रखवाली करती है। उस बाग से आए दिन गांव के ही रामचंद्र रामसुमेर ननका यह तीनों बाग से आये दिन लकड़ी काट ले जाते थे। दो दिन पहले भी उक्त दबंग बाग से लकड़ी काट कर ट्रैक्टर में लाद रहे थे।जिसको देख बुजुर्ग महिला ने मना किया तो उक्त दबंग लोगों ने बुजुर्ग महिला को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीट दिया। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि उसको कमरे में बंद कर बंदूक की नोक पर धमकाया गया कि अगर वो कही शिकायत करेगी तो उसको जान से मार देंगे।और बुजुर्ग महिला को वही कमरे में बंद करके दबंग लकड़ी उठा ले गए।दूसरे दिन उक्त दबंगो ने बुजुर्ग महिला को धमकी देते हुए छोड़ दिया।महिला ने इसकी शिकायत थाने में की पर वहां पर उसकी कोई सुनवाई नही हुई महिला ने एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

## कड़ाके की ठंड पर भारी पड़ी आस्था, पावन गंगा में श्रद्धालुओं ने आस्था की लगाई डुबकी


**प्रतापगढ़।** सप्ताह भर से आसमान में लगातार कोहरे की चादर तनी होने तथा हाड़ कपाने वाली ठंड के बावजूद भी मकर संक्रांति पर गंगा स्नान करने जाने वालों की भीड़ कम नहीं हुई।भयानक शीत लहरी के बावजूद भी बस स्टाफ पर गंगा स्नानार्थियों की भीड़ रही।कोहरे के चलते ठंड में भारी इजाफा हुआ है। गुरुवार को मकरसंक्रांति के अवसर पर ठंड में बढ़ोत्तरी देखी गयी।आसमान में छाये घने कोहरे की वजह से गलन भी अधिक थी।ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। कोहरा की वजह से प्रयागराज अयोध्या व लखनऊ वाराणसी राजमार्ग सहित नगर की प्रमुख सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए।मकरसंक्रांति के अवसर पर जिले से भारी संख्या में लोग गंगा स्नान के लिए प्रयागराज जाते है।नगर के चैराहों पर अलाव की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कराये जाने से प्रयागराज जाने वाले स्नानार्थियों को राहत मिली।श्रद्धालुओं की भीड़ रोडवेज बसों अथवा निजी वाहनो से प्रयागराज स्नान के लिए जाती दिखी।घने कोहरे और हाड़ कपाने वाली ठंड में भी लोगों की आस्था भारी।

### सूर्य के उत्तरायण होने खिचडी भोज का हुआ आयोजन

**रानीगंज।** सूर्य के उत्तरायण होने एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर रानीगंज विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा द्वारा अपने क्षेत्रीय कार्यालय बभनमई में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।खिचड़ी भोज में भारतीय जनता पार्टी के जिला एवं मण्डल पदाधिकारियों, कार्यकताओं, सम्भ्रांत जनों एवं पत्रकार बन्धुओं समेत हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस दौरान विधायक धीरज ओझा ने कहा कि क्षेत्र और समाज मे सामाजिक समरसता एवं सद्भाव का होना परम् आवश्यक है। समाज मे ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम एक दूसरे से जुड़े रहते है जिससे मेल मिलाप बना रहता है। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र वासियों समेत सभी आगंतुकों का स्वागत अभिनंदन करते हुए मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनायें प्रदान की एवं सबके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा हरिओम मिश्र, महामंत्री राजेश सिंह, अशोक मिश्र व पवन गौतम, जुबाए महामंत्री जय प्रकाश मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष प्रशान्त श्रीवास्तव, विजय कौशल, कृपा शंकर गिरि व बलराम बिंद, युवा मोर्चा के गिरीश गोलू, बद्री गुप्ता, तरुण तिवारी, वेद प्रकाश सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।



विधायक द्वारा आयोजित मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी वितरित करते



गुरुवार की सुबह करिस्ता में आयोजित हुआ कार्यक्रम

### समरसता का संदेश देता है मकर संक्रांति का उत्सव : चिन्तामणि

**प्रतापगढ़।** जिला संघ चालक ने आयोजित कोहन्डौर टाउन क्षेत्र के करिस्ता शाखा पर स्वयं सेवकों के बीच बौद्धिक किया। बता दें कि गुरुवार की सुबह मे लगी करिस्ता शाखा पर स्वंय सेवकों द्वारा आयोजित मकर संक्रांति कार्यक्रम मे जिला संघचालक का बौद्धिक रहा । इस आयोजन में उन्होंने कहा कि यह उत्सव वर्ष का आखिरी उत्सव होता हैं। इस उत्सव की विषेशता यह है कि यह समरसता को बल प्रदान करता हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज मिश्र ने की। कार्यक्रम का संचालन शिवराम पाल ने किया। इस मौके पर रामलाल मिश्र, विपुल पाल ,राकेश सोनी, आकाश शुक्ल, संतोष मिश्र, दीपक सरोज, प्रमोद मिश्र, संजय बारी ,भानू मिश्र ,नीरज मिश्र, अतुल शुक्ल संस्कार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### कार सवार लोगों ने अधिवक्ता को बंदूक की बट से पीटा

**कुंडा।** मानिकपुर थाना क्षेत्र में घर जाते समय कार सवार लोगों ने अधिवक्ता को रोककर बंदूक की बट के साथ लात-घूंसों से पीट दिया। गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाजूपुर के आदेश कुमार तिवारी (38) अधिवक्ता हैं। उनके मुताबिक बुधवार रात करीब आठ बजे वह घर जा रहे थे। लाला बाजार में कार सवार लोगों ने उन्हें रोककर गालियां देते हुए लाइसेंसी बंदूक की बट और लात-घूंसों से जमकर पीटा। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो उनकी जान बची। परिजनों ने उनका इलाज कराने के बाद पुलिस को नामजद तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मनीष कुमार, कौस्तुभ तिवारी निवासी भदसिव हथिगवां, शशांक तिवारी, प्रभात तिवारी निवासी गेरमा रसूलपुर कौशाम्बी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

## जनसंख्या नियंत्रण आज की आवश्यकता : रविंद्र गुर्जर

**कौशांबी।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन करारी द्वारा मूरतगंज विकासखंड के बालिहावा चौराहे पर एक बैठक आयोजित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार गुर्जर ने की है इस बैठक के पूर्व जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यालय का उद्घाटन बालिहावा चौराहे पर किया गया है। इस मौके पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र गुर्जर ने कहा कि देश की बढ़ती आबादी चिंता का विषय है और इस पर नियंत्रण किया जाना आवश्यक है इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए सभी को प्रयास करना होगा वक्ताओं ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और समाधान के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है जिससे आम जनता जागरूक हो और देश में बढ़ती जनसंख्या का समाधान खोजा जा सके वक्ताओं ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाए जाने की जरूरत है और सरकार को जनसंख्या नियंत्रण के लिए जल्द से जल्द कानून बनाने की पहल करनी होगी कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह चौधरी राकेश चौधरी विक्रम सिंह वीरेंद्र सिंह सुमित चौधरी रामलाल रामशरण नीलकंठ दिलीप कुमार सतीश कुमार जयकरण राकेश द्विवेदी दया शंकर पांडेय धर्मराज बासुदेव आशीष कुमार सहित तमाम लोग मौजूद है।



जनसंख्या समाधान फाउंडेशन करारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व अन्य

## दुर्घटना में कंटेनर ड्राइवर जख्मी

**ललितपुर जनपद का रहने वाला है सड़क दुर्घटना में घायल हुआ चालक**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार बॉर्डर पर खाली कंटेनर जबरदस्त कोहरा के कारण दूसरे कंटेनर से भिड़ गया जिससे ड्राइवर को गंभीर चोट आई है घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है सूचना पाकर घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस ने किया है। जानकारी के अनुसार कनवार बॉर्डर पर खाली कंटेनर लेकर कानपुर की तरफ जा रहे चालाक अंकित कुमार थाना बार जिला ललित पुर कंडेक्टर मनीष थाना डीह जिला रायबरेली जा रहे थे घना कोहरा के कारण दूसरे कंटेनर से वह भिड़ गए आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों दुकानदारों विमलेश चौधरी ने देखा तो ड्राइवर अंकित कुमार केबिन में फंसा चिल्ला रहा था कमर से नीचे का उसका हिस्सा छतिग्रस्त हो गया था। सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस पहुंची घायल ड्राइवर को पीएनसी के हाइड्रा से बाहर निकलवा कर इलाज के लिए उसे एम्बलेन्स से अस्पताल भेज दिया है।




दुर्घटनाग्रस्त खाली कंटेनर का दृश्य।

## एक यूनिट रक्त दान कर चार जीवन बचा सकता है व्यक्ति

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत द्वितीय एक दिवसीय शिविर एवम स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर ने रक्तदान के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मंडलीय जिला चिकित्सालय टी वी एस प्रयागराज के डॉ पंकज कुमार यादव ने रक्तदान कौन कर सकता है इस पर विस्तार से चर्चा की इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति एक यूनिट रक्त दान कर चार जीवन बचा सकता है रक्तदान महादान है इसके प्रति जागरूकता आवश्यक है शरीर में कुल 5 लीटर रक्त होता है रक्त कोशिकाओं की आयु तीन माह तक होती है अर्थात प्रत्येक तीन माह में हमारे शरीर में नया रक्त बनता है अतः रक्तदान से स्वास्थ्य पर कोई भी विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ हर्षवर्धन मिश्रा ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है रक्तदान से बड़ा दुनिया में कोई भी दान नहीं है ऐसा दान है जो की किसी की भी जान को बचाता है किसी भी प्रकार के यज्ञ या अनुष्ठान से ज्यादा सुख की अनुभूति रक्तदान करने से होती है क्योंकि इससे जरूरतमंद के जीवन की रक्षा होती है इस कड़ी में अरविंद कुमार प्रोफेसर राजनीति विज्ञान ने कहा की रक्तदान करने से ऐसे लोगों को मदद मिलती है जिनको रक्त की सख्त जरूरत है तथा वह अनाथ है उनको रक्त देने वाला कोई नही है लेकिन ऐसे प्रयासों से उनका जीवन बन जाता है। इस दौरान डॉ तरित अग्रवाल सहायक प्रोफेसर अंग्रेजी ने कहा कि भारत में रक्तदान अभियान में जागरूकता की आवश्यकता है अभी ऐसे तमाम लोग हैं जो रक्तदान करने से भयभीत हो जाते हैं उन लोगों का भय ऐसे अभियान चलाकर निकाला जा सकता है।

## शाम से लापता युवक का शव सुबह नदी में मिला

**प्रतापगढ़।** सई नदी में रिटायर पेशकार के बेटे का शव मिला। घर वालों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना पर इलाके में तरह-तरह की चर्चा है।लालगंज थाना क्षेत्र के गौखाड़ी निवासी जितेंद्र सिंह का पुत्र पंकज (32) बुधवार शाम घर से लापता हो गया था। परिजन खोजबीन कर रहे थे। इसी दौरान आधी रात घर से करीब एक किलोमीटर दूर सई नदी में उसका शव मिला। गुरुवार सुबह परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव को गंगा घाट पर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। चर्चा के मुताबिक राजस्व विभाग के रिटायर पेशकार जितेंद्र के दो बेटों में बड़ा बेटा पंकज मानसिक रूप से विक्षिप्त था। लालगंज के प्रभारी एसओ राम आधार यादव का कहना है कि देर शाम उसके गायब होने की जानकारी हुई थी, लेकिन सुबह बिना जानकारी दिए परिजन शव का अंतिम संस्कार कर दिये।



शव आने के बाद लोगों की भीड़

### पट्टी थाना क्षेत्र में ठंड से बुजुर्ग की मौत

**प्रतापगढ़।** जिले के पट्टी थाना क्षेत्र में परचून की दुकान पर सामान खरीदने गए बुजुर्ग की ठंड लगने से मौत हो गई। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो हड़कंप मच गया। पट्टी थाना क्षेत्र के रसुलहा का दुखरन बिन्द (65) गुरुवार को साइकिल से सूड़ेमऊ में परचून की दुकान पर सामान खरीदने गया था। दुकान से सामान खरीद कर लौटते समय वह रास्ते में लड़खड़ाते हुए गिर पड़ा। लोगों ने देखा तो उसकी सांस थम गई थी। बताया जाता है कि ठंड लगने से उसकी मौत हुई। उसके तीन बेटे व एक बेटी है। बड़े बेटे की एक वर्ष पहले सर्पदंश से मौत हो गई थी।

### खेत की रखवाली करने गए किसान का नहर में मिला शव

**कुंडा।** खेत की रखवाली करने गए किसान का शव नहर में मिला। पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला। उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।उदयपुर थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज निवासी राजेश पांडेय (45) बुधवार रात फसल की रखवाली करने के लिए गया था। बताया जाता है कि रात में आवारा पशुओं को खदेड़ने में उसकी साइकिल अनियंत्रित हो गई और वह नहर में गिर गया। नहर में पानी होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका। कड़ाके की ठंड में काफी देर तक पानी में रहने के कारण उसने दम तोड़ दिया। घर से करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित नहर में पड़े राजेश के शव को गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने उतराते देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक की पत्नी रामा देवी, बेटी सपना (22), बेटा लवलेश (18), शैलेन्द्र (15) रो-रोकर बेहाल हो गए। मृतक के भाई राकेश की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रमेश प्रताप बने हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष

**रानीगंज।** हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश नेतृत्व ने रमेश प्रताप सिंह एडवोकेट को प्रतापगढ़ जनपद की कमान सौंपी है। उन्हें हिन्दू जागरण मंच प्रतापगढ़ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जनपद मुख्यालय पर जनसभा का आयोजन कर उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता विष्णुदत्त मिश्र ने की।इस मौके पर राजेश त्रिपाठी, मनीष मारुति, रमेश सिंह, सोमनाथ तिवारी, विश्व प्रकाश पाण्डेय, अमित सिंह, राजन मिश्रा, दिनेश मिश्रा, नीरज पाण्डेय, पवन शुक्ला, रजनीश शुक्ला, संजय पाण्डेय, वीरांगना वाहिनी की सुषमा,कमलेश पाण्डेय सहित हिन्दू जागरण मंच के सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता किया।रामेष्प्रताप सिंह के जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर रानीगंज क्षेत्र वासियो में भी खुशी का माहौल व्याप्त है।उनके जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।



माला पहने हिन्दू जागरण मंच के मनोनीत जिलाअध्यक्ष व सहयोगी